Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 07 अक्तूबर , 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-07-october-2020

एम. ए. गणपति नागर

केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक पद पर एम ए गणपति की नियुक्ति का अनुमोदन कर दिया है। वे इस पद पर 29 फरवरी 2024 तक अपनी सेवानिवृत्ति या अगले आदेश तक रहेंगे। श्री गणपति वर्ष 1986 बैच के उत्तराखंड संवर्ग के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक का पद अगस्त माह में खाली हुआ था जब श्री राकेश अस्थाना को सीमा सुरक्षा बल का महानिदेशक नियुक्त किया गया था। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो की स्थापना **पांडे समिति** की सिफारिशों पर जनवरी 1978 में नागर विमानन महानिदेशालय में एक प्रकोष्ठ के रूप में हुई थी। 01 अप्रैल, 1997 को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो की पुन:स्थापना नागर विमानन मंत्रालय में एक स्वतंत्र विभाग के रूप में हुई। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के मुख्य उत्तरदायित्व में भारत में अंतर्राष्ट्रीय तथा घरेलू हवाई अड्डों पर नागरिक उडानों के संबंध में मानकों तथा उपायों का निर्धारित करना शामिल है।

ब्रिक्स समिट

आगामी 17 नवंबर, 2020 को आभासी **ब्रिक्स** शिखर सम्मेलन का आयोजन किये जाने का निश्चय किया गया है। ब्रिक्स के वर्तमान अध्यक्ष रूस ने यह घोषणा की है कि ब्रिक्स का वार्षिक शिखर सम्मेलन आगामी 17 नवंबर को एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगा। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। ब्रिक्स प्रभावशाली देशों का समूह है जो दुनिया की आधी आबादी अर्थात 3.6 बिलियन से अधिक लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। ब्रिक्स राष्ट्रों का संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद 16.6 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर है। रूस ने यह घोषणा की है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2020 की थीम **'वैश्विक स्थिरता, साझा सुरक्षा और नवोन्मेष के लिए ब्रिक्स भागीदारी'** है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 2020 ऐसे समय में हो रहा है जब, भारत और चीन पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध में उलझ गये हैं, जिसने दोनों देशों के बीच संबंधों को काफी तनावपूर्ण बना दिया है। हालाँकि इन दोनों राष्ट्रों ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिये कूटनीतिक और सैन्य वार्ता की एक श्रृंखला आयोजित की है।

उत्तराखंड पी.सी.एस. अध्ययन सामग्री
सामान्य अध्ययन (प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा)
28 बुकलेट्स
Click Here

राष्ट्रीय स्टार्ट-अप पुरस्कार 2020

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में **राष्ट्रीय स्टार्ट अप पुरस्कारों** के पहले संस्करण के परिणाम जारी कर दिये हैं। ये पुरस्कार 12 विभिन्न क्षेत्रों में दिये गए हैं, जिनमें कृषि, शिक्षा, उद्यम प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, वित्त, खाद्य, स्वास्थ्य, उद्योग और शहरी सेवाएँ शामिल हैं। **कृषि उत्पादकता श्रेणी** में पुरस्कार **नव डिजाइन और इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड** को दिया गया है जबकि **फसल कटाई के बाद** की श्रेणी में पुरस्कार **इंटैलो लैब प्राइवेट लिमिटेड** को दिया गया। **स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र** का पुरस्कार **एलोय ई-सेल प्राइवेट लिमिटेड** ने प्राप्त किया है। **उपग्रह प्रौद्योगिकी क्षेत्र** के तहत पुरस्कार **बैलाट्रिक्स ऐरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड** को मिला है। इस अवसर पर श्री गोयल ने कहा कि इन पुरस्कारों से युवा उद्यमियों में नया उत्साह आएगा और उन्हें स्टार्ट-अप्स के जरिए कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह समारोह देश में विकसित किये जा रहे नये कामकाजी माहौल को बढावा देने के लिये आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया में स्टार्टअप के लिये अनुकूल माहौल वाला तीसरा सबसे बडा देश बन गया है।